ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

हिंदी विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया संवाद –खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वर्धा, 27 अगस्त 2026: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवाओं को खेल, युवा सहभागिता एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश से गुरुवार 27 अगस्त को खेलो इंडिया संवाद –खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि दो दिन बाद, 29 अगस्त को नेशनल स्पोर्ट्स डे भी है। उन्होंने देशभर के युवाओं को और खेल जगत से जुड़े सभी साथियों को खेल दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद जी ने जिन रिश्तों की नींव रखी थी, आज भारत उन रिश्तों की समृद्धि के लिए निरंतर काम कर रहा है। जो खेले, वो खिले। और खेल में खिलना सिर्फ मैदान पर जीतना नहीं है, खेल में खिलना मतलब व्यक्तित्व का खिलना, परिवार का खिलना और देश का गौरव बढ़ाना है।

जब कोई खिलाड़ी सफल होता है, तो वो सफलता केवल उसकी नहीं होती, उसकी सफलता से उसके परिवार की पहचान बनती है, प्रतिष्ठा बढ़ती है। जिस स्कूल और कॉलेज में वो पढ़ा, उसकी प्रतिष्ठा बढ़ती है। उसके जिले और राज्य की पहचान और मजबूत होती है। यानि दुनिया उस खिलाड़ी के नाम से उस शहर या राज्य को पहचानने लगती है। और जब ऐसी अनेक सफलताओं को लेकर कोई क्षेत्र विश्व के खेल नक्शे पर चमकता है, तो दुनिया का उस शहर को देखने का नजरिया भी बदल जाता है। आज के इस कार्यक्रम में देश के जिन सैकड़ों जिलों के खिलाड़ी जुड़े हुए हैं, हर जिले में दुनिया के खेल नक्शे पर चमकने की ताकत है। इस ताकत को समझते हुए ही हमें इस संवाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि देश में स्पोर्ट्स कल्चर तभी बनता है, जब सामान्य जण इससे जुड़े। जब स्कूल्स, स्पोर्ट्स के पीरियड को, को-करिकुलर नहीं, जीवन का हिस्सा मानें। जब ऐसा होता है, तो इससे टैलेंट पूल भी बढ़ता है और स्पोर्ट्स को करियर मानने वाले बच्चों को, उनकी फैमिली का सपोर्ट भी मिलता है। और इसलिए ही मैं कहता हूं, स्क्रीन से ज्यादा, स्पोर्ट्स सेंटर्स की अहमियत है। प्ले-स्टेशन से ज्यादा, प्लेग्राउंड की अहमियत है। और ये तभी होगा, जब आप सब युवा साथी इस अप्रोच को आगे बढ़ाएंगे।

भारत की युवाशक्ति के सामर्थ्य औऱ उसकी सफलता पर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर युवा से कहना चाहता हूं, खेल के मैदान में हो या समाज के बीच, आपकी भागीदारी ही भारत की शक्ति है। आपको खेल से प्यार है, तो इससे जुड़ने के अनेक माध्यम बन रहे हैं।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

अब नए- नए स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स आ गए हैं, नई टेक्नोलॉजी आ गई है। ट्रेनिंग और कोचिंग के तरीके बदल गए हैं। खेलों के आयोजन की, उसकी प्रतिस्पर्धा की, उसकी विधाओं की जरूरतें बदल गई हैं। इक्विपमेंट डिजाइन है, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी है, खेल की दवा है, पोषण है, मनोविज्ञान, एनालिटिक्स ऐसे अनेक क्षेत्रों में युवाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं। आपको ये अवसर छोड़ना नहीं है। इसलिए, इस संवाद में खुलकर अपने विचार सामने रखिए। युवा शक्ति की ये भागीदारी विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

इस अवसर पर प्रो. फरहद मलिक, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. वीरेंद्र प्रताप यादव, डॉ. परिमल प्रियदर्शी, डॉ. निशीथ राय, डॉ. शैलेश कदम, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, डॉ. राम कृपाल, डॉ. समरजीत यादव, डॉ. रणंजय कुमार सिंह, बी.एस.मिरगे सहित सौरभ पाण्डेय, मनोज टिचकुले, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

मराठी :

हिंदी विश्वविद्यालयात 'खेलो इंडिया संवाद – खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रमाचे आयोजन

वर्धा, २७ ऑगस्ट 2026 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात युवा कार्यक्रम व क्रीडा मंत्रालय, भारत सरकारच्या अंतर्गत 'मेरा युवा भारत'च्या वतीने राष्ट्रीय क्रीडा दिनानिमित्त युवकांना क्रीडा, युवा सहभाग आणि राष्ट्रनिर्मितीशी जोडण्याच्या उद्देशाने गुरुवार, 27 ऑगस्ट रोजी 'खेलो इंडिया संवाद – खेल की बात पीएम के साथ' या कार्यक्रमाचे आयोजन करण्यात आले. या कार्यक्रमात पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांनी आभासी माध्यमातून संबोधित केले.

पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांनी आपल्या संबोधनात सांगितले की, दोन दिवसांनंतर, 29 ऑगस्ट रोजी राष्ट्रीय क्रीडा दिन साजरा करण्यात येणार आहे. त्यांनी देशभरातील युवकांना तसेच क्रीडा क्षेत्राशी संबंधित सर्व सहकाऱ्यांना क्रीडा दिनाच्या शुभेच्छा दिल्या. ते म्हणाले की, मेजर ध्यानचंद यांनी ज्या संबंधांची पायाभरणी केली होती, त्या संबंधांच्या समृद्धीसाठी आज भारत सातत्याने कार्यरत आहे. 'जो खेले, वो खिले'. क्रीडा क्षेत्रात प्रगती करणे म्हणजे केवळ मैदानावर विजय मिळवणे नव्हे, तर व्यक्तिमत्त्वाचा विकास, कुटुंबाची प्रगती आणि देशाचा गौरव वाढवणे होय.

ते म्हणाले की, एखादा खेळाडू यशस्वी होतो तेव्हा ते यश केवळ त्याचे नसते. त्याच्या यशामुळे त्याच्या कुटुंबाची ओळख आणि प्रतिष्ठा वाढते. ज्या शाळा किंवा महाविद्यालयात त्याने शिक्षण घेतले, त्यांची प्रतिष्ठाही वाढते. त्याच्या जिल्ह्याची आणि राज्याची ओळख अधिक दृढ होते. जग त्या खेळाडूच्या नावाने त्या शहराची किंवा राज्याची ओळख करू लागते. अशा अनेक यशांमुळे एखादा प्रदेश जगाच्या क्रीडा नकाशावर झळकू लागतो आणि त्या शहराकडे पाहण्याचा जगाचा दृष्टिकोनही बदलतो. आजच्या कार्यक्रमात देशातील शेकडो जिल्ह्यांमधील खेळाडू सहभागी झाले आहेत. प्रत्येक जिल्ह्यात जगाच्या क्रीडा नकाशावर झळकण्याची क्षमता आहे. ही क्षमता ओळखूनच हा संवाद पुढे नेण्याची गरज आहे.

पंतप्रधान म्हणाले की, देशात क्रीडा संस्कृती तेव्हाच निर्माण होते, जेव्हा सामान्य नागरिक त्याच्याशी जोडले जातात. शाळांनी क्रीडा तासाला सहशालेय उपक्रम न मानता जीवनाचा अविभाज्य भाग मानले पाहिजे. असे झाल्यास क्रीडा क्षेत्रातील प्रतिभेचा आवाका वाढतो आणि क्रीडेला करिअर म्हणून स्वीकारणाऱ्या मुलांना त्यांच्या कुटुंबाकडूनही पाठबळ मिळते. म्हणूनच स्क्रीनपेक्षा क्रीडा केंद्रांचे महत्त्व अधिक आहे आणि प्ले-स्टेशनपेक्षा मैदानाचे महत्त्व अधिक आहे. युवकांनी हीच भूमिका पुढे नेण्याची गरज असल्याचे त्यांनी सांगितले.

भारताच्या युवा शक्तीच्या सामर्थ्यावर आणि त्यांच्या यशावर विश्वास व्यक्त करताना पंतप्रधानांनी सांगितले की, क्रीडांगणात असो किंवा समाजाच्या मध्यभागी, तुमचा सहभाग हीच भारताची शक्ती आहे. खेळाशी जोडले जाण्याचे अनेक मार्ग आज उपलब्ध झाले आहेत. नवीन क्रीडा उपकरणे आणि तंत्रज्ञान आले आहे. प्रशिक्षण आणि कोचिंगच्या पद्धती बदलल्या आहेत. क्रीडा स्पर्धांचे आयोजन, त्यातील स्पर्धात्मकता आणि विविध क्रीडा प्रकारांच्या गरजांमध्येही बदल झाला आहे. उपकरणांची निर्मिती, क्रीडा तंत्रज्ञान, क्रीडा औषधशास्त्र, पोषण, मानसशास्त्र, विश्लेषण अशा अनेक क्षेत्रांमध्ये युवकांसाठी रोजगार आणि विकासाच्या नव्या संधी निर्माण होत आहेत. युवकांनी या संधी गमावू

नयेत आणि या संवादामध्ये आपले विचार मोकळेपणाने मांडावेत, असे आवाहन त्यांनी केले. युवा शक्तीचा हा सहभाग विकसित भारताची सर्वात मोठी ताकद असल्याचेही त्यांनी नमूद केले.

या प्रसंगी प्रो. फरहद मलिक, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, डॉ. विरेंद्र प्रताप यादव, डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. परिमल प्रियदर्शी, डॉ. निशीथ राय, डॉ. शैलेश कदम, डॉ. राम कृपाल, डॉ. समरजीत यादव, डॉ. रणंजय कुमार सिंह, बी.एस.मिरगे, सौरभ पाण्डेय, मनोज टिचकुले यांच्यासह शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित होते.

नमस्कार ! मा. संपादक/संवाददाता महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करने का कष्ट करें। सादर धन्यवाद।